प्राधिकरण में दिनांक 21.06.2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह का आयोजन

दुनियाभर में आज, 21 जून, 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' रखी गई है जिसके फलस्वरूप पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, प्रधान कार्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 9वें संस्करणका आयोजन NASC परिसर में प्रातः 7:00 से 8:30 बजे तक किया गया। जिसमें प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. त्रिलोचन महापात्र, महा-पंजीयक डॉ. दिनेश कुमार अग्रवाल सहित सभी सहकर्मियों ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में सुश्री शालू प्रसाद, योग आचार्या ने सभी सहभागियों को योग मुद्रा के बारे में बताया और योग में सही आसन करने में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया की योग मानव जीवन में अहम योगदान रखता है। योग करके न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है बल्कि खुद को संयमित भी किया जा सकता है। सत्र में शामिल सभी अधिकारियों ने विशिष्ट रुचि दिखाते हुये उत्साह पूर्वक भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस अवसर पर प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. त्रिलोचन महापात्र ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर सभी को प्रेरित किया औरबताया कि योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति है जिससे स्वस्थ मन एवं शरीर के साथ

साथ अनेक आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं, साथ ही व्यक्तिगत रूपांतरण के बिना, सारे संसार का रूपांतरण नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस साल की थीम “वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग” के महत्व को बताते हुए दुनिया को एक परिवार के तौर पर बताया और इस दिशा में भारत की अग्रणी भूमिका की सराहना की। अध्यक्ष महोदय ने सभी कर्मचारियों को योग के लाभ बताने के साथ साथ उनसे नियमित तौर पर, परिवार के साथ योग करने को कहा जिससे कि योग की सकारात्मक ऊर्जा का सर्वदिशा में प्रसार हो सके ओर सभी इसका लाभ ले सकें।

प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. त्रिलोचन महापात्र ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी।